दिल्ली उच्च न्यायालय : नई दिल्ली

सुरक्षित: 14 फरवरी 2025

उद्घोषित: 18 फरवरी 2025

आ.प्र.अ.(मू.प.) (वाणि.) 26/2025, सि.वि.आ. 8864/2025 व सि.वि.आ. 8865/2025

FAO(OS) (COMM) 26/2025, CM APPL. 8864/2025 & CM APPL. 8865/2025

सम्मान फिनसर्व लिमिटेड .....अपीलार्थी

द्वारा: श्री मुकुल रोहतगी एवं श्री राजीव नय्यर, वरिष्ठ अधिवक्ता, सह श्री अनिरुद्ध बाखरू, सुश्री आध्या चावला, श्री ऋषि अग्रवाल, श्री अंकित बनाती, सुश्री नंदिनी चौधरी, सुश्री रिंकू कक्कड़, श्री अभय अग्निहोत्री एवं श्री प्रथम मेहरोत्रा, अधिवक्तागण।

बनाम

स्वमान फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड और अन्य .....प्रत्यर्थीगण

द्वारा: श्री नीरज किशन कौल, श्री संदीप सेठी, श्री अरविंद वर्मा, श्री जयंत मेहता, वरिष्ठ अधिवक्ता, सह श्री साईकृष्णा राजगोपाल, श्री सिद्धार्थ चोपड़ा, श्री हिमांशु बगाई, श्री कुशल गुप्ता, श्री कुबेर महाजन, सुश्री प्रीथा, सुश्री श्रेय सेठी, सुश्री रिया कुमार, श्री रजत सिन्हा, सुश्री समृद्धि शर्मा,

सुश्री इरा महाजन तथा सुश्री धन्या एस. कृष्णन, अधिवक्तागण – प्रत्यर्थी सं.-1 की ओर से।

आ.प्र.अ.(मू.प.) (वाणि.) 27/2025, सि.वि.आ. 8869/2025, सि.वि.आ. 8870/2025, सि.वि.आ. 8871/2025, सि.वि.आ. 8872/2025 व सि.वि.आ. 8873/2025
FAO(OS) (COMM) 27/2025, CM APPL. 8869/2025, CM APPL. 8870/2025, CM APPL. 8871/2025, CM APPL. 8872/2025 & CM APPL. 8873/2025

सम्मान कैपिटल लिमिटेड और अन्य ..... अपीलार्थीगण

द्वारा: श्री मुकुल रोहतगी, श्री राजीव नय्यर, श्री रवि सिकरी, वरिष्ठ अधिवक्ता, सह श्री अनिरुद्ध बाखरू, सुश्री आध्या चावला, श्री ऋषि अग्रवाल, श्री अंकित बनाती, सुश्री नंदिनी चौधरी, सुश्री रिंकू कक्कड़, श्री अभय अग्निहोत्री तथा श्री प्रथम मेहरोत्रा, अधिवक्तागण।

बनाम

स्वमान फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड और अन्य .....प्रत्यर्थीगण

द्वारा : श्री नीरज किशन कौल, श्री. संदीप सेठी, श्री अरविंद वर्मा, श्री. जयंत मेहता, वरिष्ठ अधिवक्ता सह श्री साइकृष्ण राजगोपाल, श्री सिद्धार्थ चोपड़ा, श्री हिमांशु बगई, श्री कुशल गुप्ता, श्री कुबेर

महाजन, सुश्री प्रिथा, सुश्री श्रेय सेठी, सुश्री रिया कुमार, श्री रजत सिन्हा, सुश्री समृद्धि शर्मा, सुश्री इरा महाजन और सुश्री धन्या एस. कृष्णन, अधिवक्तागण – प्रत्यर्थी सं.-1 की ओर से।

कोरमः
माननीय न्यायमूर्ति श्री सी. हरि शंकर
माननीय न्यायमूर्ति श्री अजय दिगपाल

निर्णय
18.02.2025

न्या. सी. हरि शंकर,

1. यह निर्णय सि.वि. आ. सं.8864/2025 (CM Appl. 8864/2025) एवं सि.वि. आ. सं. 8869/2025 (CM Appl. 8869/2025) का निपटान करता है।

2. इस न्यायालय के एक विद्वान एकल न्यायाधीश ने सि.वा. (वाणि) 871/2024[1] (CS (Comm) 871/2024) में अंतर.आ. 41270/2024 (IA 41270/2024) में 10 फरवरी 2025 को पारित निर्णय द्वारा सम्मान कैपिटल लिमिटेड[2] और सम्मान फिनसर्व लिमिटेड[3] को व्यापार के दौरान किसी भी ऐसे चिह्न/नाम का उपयोग, विज्ञापन, अपनाने या किसी अन्य तरीके से प्रदर्शित करने से रोक दिया है जो प्रत्यर्थी स्वमान फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट

[1] **स्वमान फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड बनाम सम्मान कैपिटल लिमिटेड**
[2] **इसके बाद "एससीएल"**
[3] **इसके बाद "एसएफएल"**

लिमिटेड के पंजीकृत व्यापार-चिह्न के समान या भ्रामक रूप से मिलते-जुलते हों, जिन्हें इस प्रकार सारणीबद्ध किया जा सकता है:

क्र. सं.	आवेदन सं.	आवेदन की तिथि	वर्ग	चिह्न	स्थिति
1.	3967632	08/10/2018	36	स्वमान (SVAMAAN) (शब्द)	08/10/2028 तक पंजीकृत और नवीनीकृत
2.	3971167	11/10/2018	36	स्वमान (SVAMAAN) डिवाइस अर्थात् –	11/10/2028 तक पंजीकृत और नवीनीकृत
3.	3969849	10/10/2018	09	स्वमान (SVAMAAN) (शब्द)	10/10/2028 तक पंजीकृत और नवीनीकृत
4.	3971163	11/10/2018	09	स्वमान (SVAMAAN) डिवाइस अर्थात् –	11/10/2028 तक पंजीकृत और नवीनीकृत
5.	3967630	08/10/2018	16	स्वमान (SVAMAAN) (शब्द)	08/10/2028 तक पंजीकृत और नवीनीकृत

6.	3971164	11/10/2018	16	स्वमान (SVAMAAN) डिवाइस अर्थात् —	11/10/2028 तक पंजीकृत और नवीनीकृत
7.	3967631	08/10/2018	35	स्वमान (SVAMAAN) (शब्द)	08/10/2028 तक पंजीकृत और नवीनीकृत
8.	3971165	11/10/2018	35	स्वमान (SVAMAAN) डिवाइस अर्थात् —	11/10/2028 तक पंजीकृत और नवीनीकृत
9.	3969850	10/10/2018	42	स्वमान (SVAMAAN) (शब्द)	10/10/2028 तक पंजीकृत और नवीनीकृत
10.	3971166	11/10/2018	42	स्वमान (SVAMAAN) डिवाइस अर्थात् —	11/10/2028 तक पंजीकृत और नवीनीकृत

3. इस प्रक्रिया में, **सम्मान कैपिटल लिमिटेड तथा सम्मान फिनसर्व** लिमिटेड को "**सम्मान कैपिटल**" (SAMMAAN CAPITAL),

,

, तथा

[4] चिह्नों के उपयोग से प्रतिबंधित किया गया है।

4. इससे व्यथित होकर, एससीएल और एसएफएल ने वाणिज्यिक न्यायालय अधिनियम 2015 की धारा 13 सह पठित सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 के आदेश XLIII नियम 1 (द) के तहत ये अपीलें दायर की हैं। अपीलार्थीगण ने अपनी अपीलों में विद्वान एकल न्यायाधीश के दिनांक 10 फरवरी 2025 के आक्षेपित निर्णय को अभिखंडित और अपास्त करने की मांग की है।

5. इन अपीलों के साथ आवेदन संलग्न हैं– [आ.प्र.अ. (मू.प.) (वाणि) 26/2025 में सि.वि.आ. सं. 8864/2025 तथा आ.प्र.अ. (मू.प.) (वाणि) 27/2025 में सि.वि.आ. सं. 8869/2025 {CM Appl. 8864/2025 in FAO (OS) (Comm) 26/2025 और CM Appl. 8869/2025 in FAO (OS) (Comm) 27/2025} – जिनके माध्यम से आक्षेपित निर्णय के संचालन पर अंतरिम स्थगन की प्रार्थना की गई है।

6. अपीलार्थीगण अपनी अपीलों की स्वीकृति तथा विद्वान एकल न्यायाधीश के निर्णय के संचालन पर अंतरिम स्थगन की मांग करते हैं। दूसरी ओर, प्रत्यर्थी का निवेदन है कि अपीलें गुणागुण रहित हैं और इन्हें खारिज किया जाना चाहिए। यदि न्यायालय को लगता है कि अपीलों में विचारणीय मुद्दे

[4] आगे चलकर इन्हें सामूहिक रूप से "**सम्मान** (SAMMAAN) चिह्न" संदर्भित किया जाएगा।

उठाए गए हैं, तो प्रत्यर्थी वैकल्पिक रूप से और बिना किसी पूर्वाग्रह के यह निवेदन करता है कि विद्वान एकल न्यायाधीश के निर्णय के संचालन पर कोई रोक नहीं लगाई जानी चाहिए।

7. ये अपीलें दिनांक 13 फरवरी 2025 को इस न्यायालय के अन्य पीठ के समक्ष सूचीबद्ध की गई थीं। चूँकि पीठ के एक विद्वान सदस्य ने स्वयं को अलग कर लिया (recused), तथा अपीलार्थीगण द्वारा व्यक्त की गई तात्कालिकता को ध्यान में रखते हुए, अपीलें उसी दिन अर्थात् 13 फरवरी 2025 को अपराह्न 2.30 बजे हमारे समक्ष सूचीबद्ध की गईं। चूँकि हमें अभिलेखों का अध्ययन करने का अवसर प्राप्त नहीं हुआ था, हमने इस विषय को अगले दिन अर्थात् 14 फरवरी 2025 के लिए पुनः अधिसूचित किया और किसी भी पक्ष को हानि से बचाने हेतु यह निर्देश दिया कि 13 फरवरी 2025 को जो स्थिति विद्यमान थी (status quo), वह 14 फरवरी 2025 तक बनी रहे, जब अपीलों को प्रातः 10.30 बजे विचारार्थ लिया जाएगा।

8. हमने इस विषय को नियत समयानुसार 14 फरवरी 2025 को प्रातः 10.30 बजे विचारार्थ लिया। दोनों पक्षों के विद्वान वरिष्ठ अधिवक्तागण द्वारा विस्तृत तर्क प्रस्तुत किए गए। अपीलार्थीगण का प्रतिनिधित्व श्री मुकुल रोहतगी एवं श्री राजीव नैयर, विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता, तथा श्री अनिरुद्ध बखरु, अधिवक्ता द्वारा किया गया। प्रत्यर्थीगण का प्रतिनिधित्व श्री संदीप सेठी, श्री नीरज किशन कौल, श्री अरविंद वर्मा तथा श्री जयंत के. मेहता, विद्वान वरिष्ठ

अधिवक्ता द्वारा किया गया। 14 फरवरी 2025 को पूर्वाह्न सत्र (pre-lunch session) का संपूर्ण समय तर्क-वितर्क में व्यतीत हुआ।

9. दोनों पक्षकारगण की ओर से विद्वान वरिष्ठ अधिवक्तागण द्वारा प्रस्तुत परस्पर विरोधी दलीलें, जिन्हें आगे वर्णित किया जाएगा, स्पष्ट रूप से यह दर्शाती हैं कि मामला विचारणीय है और इस पर विचार किया जाना आवश्यक है।

10. अतः हम अपीलों पर नोटिस जारी करते हैं और उन्हें अंतिम निपटान हेतु दिनांक 21 अप्रैल 2025 को अपराह्न 2.30 बजे के लिए सूचीबद्ध करते हैं।

11. अतः यह आदेश केवल उस स्थिति के प्रश्न का निराकरण करता है, जो अंतराल अवधि (interregnum) में विद्यमान रहने दी जानी चाहिए।

12. विद्वान अधिवक्तागण की बात सुनने के बाद, 14 फरवरी 2025 को आदेश सुरक्षित रख लिए गए। दिनांक 17 फरवरी 2025 को हमने विद्वान अधिवक्तागण, विशेषकर प्रत्यर्थीगण के अधिवक्तागण से यह प्रश्न किया कि क्या वे सि.वि.आ. 8864/2025 तथा सि.वि.आ. 8869/2025 पर प्रत्युत्तर (replies) दाखिल करना चाहते हैं और इस कारण पारित आदेश अंतरिम स्वरूप (ad interim in nature) का हो, अथवा वे इस बात के लिए सहमत हैं कि सि.वि.आ. 8864/2025 तथा सि.वि.आ. 8869/2025 का निपटान प्रस्तुत

निवेदनों के आधार पर किया जाए। विद्वान अधिवक्तागण ने एक स्वर में न्यायालय से सि.वि.आ. 8864/2025 और सि.वि.आ. 8869/2025 का निपटारा करने का अनुरोध किया।

13. इसलिए हम ऐसा करने के लिए आगे बढ़ते हैं।

14. अपीलार्थीगण की ओर से विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता का यह प्रतिवाद है कि विद्वान एकल न्यायाधीश का आक्षेपित निर्णय अंतिम रूप से अपीलों की सुनवाई एवं निर्णय होने तक प्रभावी नहीं होने दिया जाना चाहिए। दूसरे शब्दों में, विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता यह प्रार्थना करेंगे कि इस न्यायालय द्वारा 13 फरवरी 2025 को निर्देशित यथास्थिति (status quo) अपीलों के अंतिम सुनवाई तक जारी रहे; जबकि प्रत्यर्थी पक्ष के विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता, जैसा कि पूर्व में उल्लेखित है, यह प्रतिवाद करते हैं कि स्थगनादेश प्रदान करने का कोई मामला नहीं बनता।

15. गुणागुण से इतर, विद्वान वरिष्ठ अधिवक्तागण ने सुविधा के संतुलन (balance of convenience) के पहलू पर पृथक रूप से निवेदन प्रस्तुत किए हैं।

<u>संदर्भ: सुविधा का संतुलन</u>

16. अपीलार्थीगण की ओर से विद्वान अधिवक्ता ने प्रस्तुत किया कि डोमेन नाम www.sammaancapital.com का पंजीकरण दिनांक 12 जून 2023 को

किया गया था। दिनांक 5 अक्टूबर 2023 को ऐसे लेख प्रकाशित हुए, जिनमें यह अभिलिखित किया गया कि अपीलार्थी, जिसे पूर्व में इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, ने अपना कॉरपोरेट नाम बदलकर सम्मान कैपिटल लिमिटेड कर लिया है। दिनांक 20 नवंबर 2023 को प्रत्यर्थी ने www.sammaancapital.com डोमेन नाम तथा कॉरपोरेट नाम को सम्मान कैपिटल लिमिटेड में परिवर्तित किए जाने के प्रस्ताव के संबंध में एससीएल को रोकने और बंद करने (cease and desist) का नोटिस जारी किया। उक्त नोटिस (रोकने और बंद करने) का उत्तर एससीएल द्वारा दिनांक 8 दिसंबर 2023 को दिया गया। कंपनी रजिस्ट्रार[5] द्वारा एससीएल को दिनांक 21 मई 2024 को नाम परिवर्तन के पश्चात् "सम्मान कैपिटल लिमिटेड" नाम से नया पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी किया गया। इसके उपरांत, एससीएल को दिनांक 28 जून 2024 को भारतीय रिज़र्व बैंक[6] से गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी - निवेश एवं ऋण कंपनी[7] के रूप में पंजीकरण प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ।

17. इस अंतरिम अवधि में, एससीएल ने सम्मान (SAMMAAN) चिह्नों के पंजीकरण हेतु आवेदन किया। इसके प्रत्युत्तर में, प्रत्यर्थी ने 16 जुलाई 2024 को सम्मान कैपिटल लिमिटेड द्वारा "सम्मान कैपिटल (SAMMAAN CAPITAL)" चिह्न के पंजीकरण के लिए दायर आवेदन के विरुद्ध आपत्ति दाख़िल की।

---

[5] इसके बाद "आरओसी"

[6] आरबीआई

[7] एनबीएफसी- आईसीसी

18. उपरोक्त प्रस्तुतियाँ सम्मान फिनसर्व लिमिटेड के संबंध में भी स्वीकार कर ली गई हैं।

19. इन परिस्थितियों में अपीलार्थीगण की ओर से विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता ने यह कहा कि सम्मान (SAMMAAN) चिह्नों का उपयोग अपीलार्थीगण द्वारा अक्टूबर 2023 से किया जा रहा है, जब एससीएल ने "सम्मान कैपिटल लिमिटेड" नाम को अपने कॉरपोरेट नाम के रूप में अपनाया था; तथा यह भी कि मार्च से मई 2024 के मध्य ही एससीएल ने व्यापार चिह्न रजिस्ट्रार के समक्ष सम्मान (SAMMAAN) चिह्नों के पंजीकरण हेतु आवेदन कर दिया था।

20. इसके विपरीत, सि.वा.(वाणि) 871/2024 (CS (Comm) 871/2024), जिसमें वर्तमान में आक्षेपित निर्णय विद्वान एकल न्यायाधीश द्वारा पारित किया गया है, केवल 3 अक्टूबर 2024 को दायर किया गया था। अंतर.आ. 43249/2024 (I.A. 43249/2024) तथा आप. वि.अ. 32198/2024 (CRL. M.A. 32198/2024) पर विद्वान एकल न्यायाधीश द्वारा 17 दिसंबर 2024 को तर्क सुनकर आदेश सुरक्षित किया गया था और आक्षेपित व्यादेश आदेश 10 फरवरी 2025 को पारित किया गया। इस समय तक, यह प्रस्तुत किया जाता है कि अपीलार्थीगण द्वारा सम्मान (SAMMAAN) चिह्नों का उपयोग किए जाने के बाद से एक वर्ष से अधिक समय बीत चुका है और एससीएल द्वारा व्यापार-चिह्न रजिस्ट्रार के पास सम्मान (SAMMAAN) चिह्नों के पंजीकरण के लिए आवेदन किए जाने के बाद से लगभग 10 महीने बीत चुके हैं।

21. इसी बीच, यह प्रस्तुत किया गया है कि अपीलार्थीगण निरंतर रूप से सम्मान (SAMMAAN) चिह्नों का उपयोग करते रहे हैं और बाजार में सम्मान (SAMMAAN) चिह्न अपीलार्थीगण के साथ स्थायी रूप से जुड़ चुके हैं। इस संदर्भ में यह भी इंगित किया गया है कि एसएफएल और एससीएल पूर्व में क्रमशः इंडिया बुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड और इंडिया बुल्स कमर्शियल क्रेडिट लिमिटेड के नाम से जाने जाते थे तथा वे सुविख्यात "इंडिया बुल्स (India Bulls)" चिह्न के अंतर्गत कार्यरत थे। यह कहा गया है कि अपीलार्थीगण की मैक्रो फाइनेंस क्षेत्र में एक व्यापक, प्रतिष्ठित और सम्मानित उपस्थिति है तथा अब तक जनता ने सम्मान (SAMMAAN) चिह्नों को अपीलार्थीगण के साथ जोड़कर पहचानना प्रारंभ कर दिया है।

22. चूँकि सम्मान (SAMMAAN) चिह्नों का उपयोग अपीलार्थीगण द्वारा वर्ष 2023 के उत्तरार्ध से 2024 के प्रारंभ तक किया जा रहा है, और आक्षेपित निर्णय दिनांक 10 फरवरी 2025 को पारित किया गया है तथा वह तत्काल प्रभाव से लागू हो जाता है, इसलिए विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता का यह प्रस्तुतिकरण है कि यदि अपीलार्थीगण को अंतरिम संरक्षण प्रदान नहीं किया गया तो उनका व्यवसाय पूर्णतः ठप हो जाएगा। मामले के गुणागुण से परे – जिन पर अपीलार्थीगण गंभीरता से ज़ोर देते हैं – यह प्रस्तुत किया गया है कि इन परिस्थितियों में अपनाया जाने वाला सम्यक और संतुलित दृष्टिकोण यही

होगा कि अपीलों को सुनवाई हेतु सूचीबद्ध किया जाए और 13 फरवरी 2025 को दी गई यथास्थिति को तब तक जारी रहने दिया जाए।

23. प्रत्यर्थीगण के विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता ने इस प्रार्थना का कड़ा विरोध किया है, और उन्होंने ***वांडर लिमिटेड बनाम एंटॉक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड***[8] के निम्नलिखित अंशों का हवाला दिया है, जो बौद्धिक संपदा मामलों में पारित अन्तर्वर्ती आदेशों के साथ अपील में हस्तक्षेप की सीमाओं को परिभाषित करते हैं:

> "14. खंड पीठ के समक्ष दायर अपीलें, एकल न्यायाधीश द्वारा विवेकाधिकार के प्रयोग के विरुद्ध थीं। ऐसी अपीलों में, अपील न्यायालय सामान्यतः प्रथम दृष्टया न्यायालय द्वारा किए गए विवेकाधिकार के प्रयोग में हस्तक्षेप नहीं करेगा और अपने विवेक से उसे प्रतिस्थापित नहीं करेगा, सिवाय उन स्थितियों के जहाँ यह दिखाया जाए कि विवेकाधिकार का प्रयोग मनमाने ढंग से, असंगत रूप से, विकृत रूप से किया गया है, या जहाँ न्यायालय ने अन्तर्वर्ती व्यादेश के अनुदान या अस्वीकृति को नियंत्रित करने वाले स्थापित विधि सिद्धांतों की अनवेक्षा की हो। विवेकाधिकार के प्रयोग के विरुद्ध की गई अपील को सिद्धांत पर अपील कहा जाता है। अपील न्यायालय सामग्री का पुनर्मूल्यांकन कर, निचले न्यायालय द्वारा निकाले गए निष्कर्ष से भिन्न निष्कर्ष पर पहुँचने का प्रयास नहीं करेगा, यदि निचले न्यायालय द्वारा निकाला गया निष्कर्ष उपलब्ध सामग्री के आधार पर युक्तिसंगत रूप से संभव था। सामान्यतः, अपील न्यायालय केवल इस आधार पर हस्तक्षेप को उचित नहीं ठहरा सकता कि यदि उसने विचारण स्तर पर इस विषय पर विचार किया होता तो वह विपरीत निष्कर्ष पर पहुँचा होता। यदि विचारण न्यायालय द्वारा विवेकाधिकार का प्रयोग युक्तिसंगत एवं न्यायिक

[8] **1990 Supp SCC 727**

ढंग से किया गया है, तो मात्र यह तथ्य कि अपील न्यायालय कोई भिन्न दृष्टिकोण अपनाता, हस्तक्षेप का आधार नहीं बनता। इन सिद्धांतों का उल्लेख करने के बाद, ***प्रिंटर्स (मैसूर) प्राइवेट लिमिटेड बनाम पौथन जोसेफ***[9] मामले में न्यायमूर्ति गजेंद्रगडकर ने कहा:

> ".....ये सिद्धांत सुस्थापित हैं, किंतु जैसा कि विस्काउंट साइमन ने ***चार्ल्स ओसेंटन एंड कंपनी बनाम झानाटन***[10] में कहा है– '... अपील न्यायालय द्वारा निचले न्यायालय के न्यायाधीश द्वारा विवेकाधिकार के प्रयोग में पारित आदेश को पलटने संबंधी विधि भली-भाँति स्थापित है, और जो भी कठिनाई उत्पन्न होती है, वह केवल किसी विशेष मामले में स्थापित सिद्धांतों के अनुप्रयोग के कारण होती है।"

24. ***वांडर*** के उपर्युक्त अंश में निर्धारित मानकों की कसौटी पर परखे जाने पर यह प्रस्तुत किया गया है कि विद्वान एकल न्यायाधीश के आक्षेपित निर्णय के क्रियान्वयन पर, एक दिन के लिए भी, स्थगन दिए जाने का कोई आधार नहीं बनता। इसके विपरीत, यह भी निवेदन किया गया है कि अपीलें प्रारंभिक स्तर पर ही खारिज किए जाने योग्य हैं।

<u>गुणागुण में</u>

25. अपीलार्थीगण द्वारा किस सीमा तक एक विचारणीय मामला स्थापित किया गया है, इसका आकलन करने के लिए, दोनों पक्षकारगण की ओर से विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत दलीलों को क्रमबद्ध रूप से प्रस्तुत करना उपयुक्त होगा।

---

[9] **AIR 1960 SC 1156**
[10] **1942 AC 130**

<u>गुणागुण पर परस्पर विरोधी दलीलें</u>

26. अपीलार्थीगण की ओर से विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता द्वारा निम्नलिखित तर्क प्रस्तुत किए गए हैं:

(i) प्रत्यर्थी को अपीलार्थीगण के समान उपभोक्ता वर्ग की आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाला नहीं कहा जा सकता। सभी को व्यापक रूप से वित्तपोषण कंपनियों के रूप में वर्गीकृत करना, यह प्रस्तुत किया गया है, वित्तपोषण व्यवसाय की वास्तविकताओं की अनदेखी करता है। अपीलार्थीगण बड़े ऋण प्रदान करते हैं, जो अनिवार्य रूप से ₹40 लाख से अधिक होते हैं। वे इस राशि से कम के ऋण वे प्रदान नहीं करते। वास्तव में, श्री रोहतगी का कहना है कि अपीलार्थीगण के अधिकांश ग्राहक ₹50 करोड़ या उससे अधिक की राशि के ऋण की मांग करते हैं। इसके विपरीत, प्रत्यर्थी एक माइक्रो-फाइनेंसिंग संस्था है, जो किसी भी राशि का ऋण प्रदान करती है। यह प्रस्तुत किया गया है कि जो उपभोक्ता अपीलार्थीगण द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रकार के ऋण लेना चाहते हैं, वे कभी भी प्रतिवादी के पास नहीं जाएंगे; इसी प्रकार, प्रत्यर्थी के उपभोक्ता ऋण के लिए अपीलार्थीगण के पास नहीं आएंगे।

(ii) औसत बुद्धि तथा अपूर्ण स्मरण शक्ति वाले उपभोक्ता की कसौटी, जिसे सामान्यतः "मैन ऑन द क्लाफाम ओमनीबस (man on the Clapham omnibus)" के रूप में जाना जाता है, इसलिए ऐसे मामलों

में लागू नहीं होती। न्यायालय को उन उपभोक्ताओं की प्रकृति के प्रति सचेत रहना होता है, जिनकी आवश्यकताओं की पूर्ति वादी और प्रतिवादी करते हैं। वित्तपोषण कंपनियों से ऋण लेने वाले उपभोक्ता, विशेष रूप से अपीलार्थीगण से ऋण लेने वाले उपभोक्ता, साक्षर एवं ऋण-वित्तपोषण के मामलों में जानकार होते हैं और इसलिए वे यह जानते हैं कि किसी विशेष स्थिति में उन्हें प्रत्यर्थी के पास जाना है या अपीलार्थीगण के पास। ऐसे उपभोक्ता द्वारा अपीलार्थीगण को प्रत्यर्थीगण समझ लेने या इसके विपरीत किसी प्रकार की भ्रम की संभावना नहीं है।

(iii) इस संदर्भ में यह भी प्रस्तुत किया गया है कि विद्वान एकल न्यायाधीश द्वारा व्यादेश प्रदान किए जाने के मुख्य आधारों में से एक यह निष्कर्ष था कि स्वमान (SVAMAAN) और सम्मान (SAMMAAN) शब्द ध्वन्यात्मक रूप से समान हैं। यह प्रस्तुत किया गया है कि ध्वन्यात्मक समानता की परीक्षा निम्नलिखित प्रसिद्ध कसौटी पर की जानी चाहिए, जिसे न्या. पार्कर द्वारा ***सन्दर्भ: पिआनोटिस्ट एप्लीकेशन***[11] में प्रतिपादित किया गया है:

> "*आपको दोनों शब्दों को लेना होगा। आपको उनका आकलन उनके दृश्य रूप और उच्चारण (ध्वनि)–दोनों के आधार पर करना होगा। आपको उन वस्तुओं/सेवाओं पर भी विचार करना होगा जिन पर ये शब्द लागू किए जाने हैं। आपको उस ग्राहक के स्वरूप और वर्ग पर भी विचार करना होगा, जो उन*

11

> *वस्तुओं/सेवाओं को खरीदने की संभावना रखता है। वास्तव में, आपको सभी परिवेशीय परिस्थितियों पर विचार करना होगा; और आगे यह भी देखना होगा कि यदि इन दोनों व्यापार चिह्नों का उनके-अपने स्वामियों द्वारा सामान्य रूप से व्यापार चिह्न के रूप में उपयोग किया जाए, तो क्या होने की संभावना है।* यदि इन सभी परिस्थितियों पर विचार करने के बाद आप इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि भ्रम उत्पन्न होगा–अर्थात् यह आवश्यक नहीं कि किसी व्यक्ति को क्षति पहुँचे और दूसरे को अनुचित लाभ मिले, बल्कि यह कि जनसामान्य के मन में ऐसा भ्रम उत्पन्न होगा जिससे वस्तुओं/सेवाओं के संबंध में भ्रम होगा–तो ऐसे मामले में आप पंजीकरण से इंकार कर सकते हैं; बल्कि कहना सही होगा कि आपको पंजीकरण से इंकार करना ही होगा।
>
> (जोर दिया गया)

अतः ध्वन्यात्मक समानता की कसौटी लागू करते समय न्यायालय को जिन कारकों द्वारा मार्गदर्शित होना चाहिए, उनमें से एक प्रमुख कारक वस्तुओं या सेवाओं के उपभोक्ता की प्रकृति है। यह कहा गया है कि वित्तीय ऋण प्राप्त करने वाले उपभोक्ता में अपीलार्थीगण और प्रत्यर्थी के बीच भ्रमित होने की संभावना नहीं है। किसी भी स्थिति में, केवल "स्वमान (SVAMAAN)" और "सम्मान (SAMMAAN)" के बीच समानता के कारण ऐसे भ्रम की कोई संभावना नहीं है।

(iv) यह और कहा गया है कि स्वमान (SVAMAAN) और सम्मान (SAMMAAN) शब्द जनता से संबंधित हैं। इनका हिंदी में सामान्यतः प्रसिद्ध अर्थ है, और किसी को भी "सम्मान" शब्द पर एकाधिकार स्थापित करने का अधिकार नहीं है। "सम्मान" एक प्रशंसात्मक विशेषण

है, और किसी व्यक्ति के लिए इसे अपने ब्रांड नाम के रूप में उपयोग करने पर व्यादेश नहीं लगाया जा सकता। दूसरे शब्दों में कहें तो, पंजीकृत "स्वमान" (SVAMAAN) चिह्न का स्वामी होने के नाते, प्रतिवादी किसी अन्य व्यक्ति द्वारा "सम्मान" (SAMMAAN) चिह्न के उपयोग पर स्थायी रूप से रोक नहीं लगा सकता है, जो एक पूरी तरह से अलग और सुप्रसिद्ध विचार और प्रभाव व्यक्त करता है।

(v) जब इन दोनों चिह्नों को लेबल चिह्नों के रूप में देखा जाता है, तो उनका स्वरूप पूरी तरह से भिन्न होता है:

अपीलार्थी के व्यापार चिह्न	प्रत्यर्थी के व्यापार चिह्न
SAMMAAN SAMMAAN FINANCE SAMMAAN FINSERVE	SVAMAAN

(vi) इस संदर्भ में, विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता ने विद्वान एकल न्यायाधीश के आक्षेपित निर्णय के पैरा 43 की ओर ध्यान आकर्षित किया है, जो इस प्रकार है:

> "43. प्रतिवादीगण की ओर से जिन उपर्युक्त निर्णयों पर निर्भरता व्यक्त की गई है, उन पर मैंने गंभीरतापूर्वक विचार किया है। उपर्युक्त सभी निर्णयों में प्रतिस्पर्धी चिह्नों का

> पहला शब्द/अक्षर/ध्वनि-खंड[12] अलग-अलग था, जो वर्तमान वाद में स्थिति नहीं है। सामान्य उच्चारण में शब्द के प्रारंभिक ध्वनि-खंड सर्वाधिक महत्वपूर्ण होते हैं और उच्चारण का बल प्रारंभिक शब्द/ध्वनि-खंड/अक्षर पर ही होता है। ... यह एक महत्वपूर्ण पहलू है, जो उपर्युक्त निर्णयों को वर्तमान मामले से अलग करता है।"

विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता ने प्रस्तुत किया कि विद्वान एकल न्यायाधीश का यह निष्कर्ष कि वर्तमान मामले में दोनों चिह्नों का पहला ध्वनि-खंड समान है, त्रुटिपूर्ण है, क्योंकि "स्वमान (SVAMAAN)" चिह्न का पहला ध्वनि-खंड "एसवीए (SVA)" है, जबकि "सम्मान (SAMMAAN)" चिह्न का पहला ध्वनि-खंड "एसएएम (SAM)" है। अतः, विद्वान एकल न्यायाधीश द्वारा स्वयं ही आक्षेपित निर्णय के पैरा 43 में अपनाई गई प्रथम ध्वनि-खंड की समानता की कसौटी को लागू करने पर यह तर्क दिया गया है कि "स्वमान (SVAMAAN)" और "सम्मान (SAMMAAN)" चिह्नों को समान नहीं बल्कि असमान माना जाना चाहिए।

(vii) विद्वान एकल न्यायाधीश पैरा 44 में इस न्यायालय की खंड पीठ द्वारा दिए गए ***वसुन्धरा ज्वैलर्स बनाम किरात विनोदभाई जादवानी***[13], के निर्णय, जिस पर अपीलार्थीगण ने भरोसा किया था, को इस प्रकार अलग ठहराते हैं:

[12] *sic* letter

[13] 2022 SCC OnLine Del 2996

> '44. प्रतिवादीगण ने वसुन्धरा ***ज्वैलर्स बनाम किरात विनोदभाई जादवानी*** के निर्णय पर भी भरोसा किया है, जिसमें वादी ने शब्द 'वसुन्धरा (VASUNDHRA)' पर विशिष्ट अधिकार का दावा किया था, यद्यपि उसके पास 'वसुन्धरा (VASUNDHRA)' शब्द-चिह्न का कोई पंजीकरण नहीं था। न्यायालय ने प्रतिवादी के पक्ष में निर्णय दिया, जिसका चिह्न वादी के चिह्नों से दृष्टिगत रूप से भिन्न था। वर्तमान मामले में, वादी के पास 'SVAMAAN' शब्द-चिह्न के वैध पंजीकरण हैं। अतः उपर्युक्त निर्णय वर्तमान मामले में प्रतिवादीगण की सहायता नहीं कर सकता।'"

विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता ने प्रस्तुत किया कि ***वसुंधरा ज्वेलर्स*** के निर्णय को **वर्तमान मामले से भिन्न ठहराने का कोई युक्तिसंगत आधार नहीं है। विद्वान एकल न्यायाधीश का यह अवलोकन कि उस मामले में प्रतिस्पर्धी चिह्न दृश्य रूप से भिन्न थे, वास्तव में प्रत्यर्थी के बजाय अपीलार्थीगण के पक्ष में जाना चाहिए था। दृश्य रूप से,** यह कहा गया है कि संबंधित चिह्नों SAMMAAN CAPITAL और SVAMAAN के **बीच स्पष्ट रूप से कोई समानता नहीं है। अतः, यदि डिवाइस चिह्न की दृश्य असमानता को ही कसौटी माना जाए, तो यह प्रस्तुत किया गया है कि प्रत्यर्थी को किसी भी प्रकार के व्यादेश का अधिकार नहीं है। परस्पर विरोधी चिह्नों के बीच दृश्य असमानता ही एकमात्र आधार है,** जिस पर विद्वान एकल न्यायाधीश ने ***वसुंधरा ज्वेलर्स*** के निर्णय को भिन्न

ठहराया, जबकि वह इस न्यायालय की खंड पीठ का निर्णय होने के कारण उन पर बाध्यकारी था और वास्तव में हम पर भी बाध्यकारी है। यह कहा गया है कि केवल इसी आधार पर भी आक्षेपित निर्णय पर स्थगन दिया जाना चाहिए।

(viii) ***वसुंधरा ज्वैलर्स*** के फैसले के संदर्भ में, हालांकि विद्वान एकल न्यायाधीश ने यह भी कहा है कि वसुंधरा के पास "वसुंधरा (Vasundhra)" शब्द चिह्न का पंजीकरण नहीं था, जबकि प्रत्यर्थी के पास "स्वमान (SVAMAAN)" शब्द चिह्न का पंजीकरण है, यह निवेदन किया जाता है कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि यह सर्वविदित है कि यदि प्रतिवादीगण के चिह्न का मुख्य शब्द ही उल्लंघनकारी है, तो प्रतीक चिह्न भी स्वतः ही उल्लंघनकारी हो जाएगा। इस प्रकार, शब्द चिह्न पंजीकरण का होना या न होना कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं पैदा कर सकता।

(ix) इसके पश्चात विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता ने आक्षेपित निर्णय के पैरा 45 की ओर ध्यान आकर्षित किया, जो इस प्रकार है:

> "45. उपर्युक्त विधिक पूर्व निर्णयों से जो स्थिति उभरकर आती है, वह यह है कि आक्षेपित चिह्न का वादी के पंजीकृत व्यापार चिह्न से पूरी तरह समान होना आवश्यक नहीं है और उसमें कोई भी मामूली अंतर महत्वहीन होगा। उपरोक्त बातों को ध्यान में रखते हुए, मेरा यह सुविचारित

> मत है कि प्रतिस्पर्धी चिह्न संरचनात्मक, ध्वन्यात्मक और वैचारिक रूप से एक दूसरे के इतने निकट हैं कि प्रतिवादीगण के सम्मान (SAMMAAN) चिह्न वादी के स्वमान (SVAMAAN) चिह्नों के भ्रामक रूप से समान प्रतीत होते हैं और पूंजी/वित्त/वित्तीय सेवाएँ (CAPITAL/ FINANCE/ FINSERVE) शब्द, एक अलग लोगो और अन्य दृश्य रूप से भिन्न तत्व जैसे अतिरिक्त तत्व कोई अंतर नहीं पैदा करेंगे।

विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता का कहना है कि विद्वान एकल न्यायाधीश ने यह मानकर स्पष्ट त्रुटि की है कि वर्तमान मामले में परस्पर विरोधी चिह्न संरचनात्मक, ध्वन्यात्मक और वैचारिक रूप से एक-दूसरे के निकट हैं। संरचनात्मक रूप से, चिह्न लोगो, फ़ॉन्ट, रंग और समग्र रूप-रंग में पूरी तरह भिन्न हैं। वैचारिक रूप से, “स्वमान (SVAMAAN)” और “सम्मान (SAMMAAN)” अलग-अलग विचार व्यक्त करते हैं–जहाँ “स्वमान (SVAMAAN)” आत्म-सम्मान का भाव व्यक्त करता है, वहीं “सम्मान (SAMMAAN)” सम्मान, प्रशंसा अथवा अलंकरण का भाव व्यक्त करता है। ध्वन्यात्मक रूप से भी यह प्रस्तुत किया गया है कि क्योंकि “स्वमान (SVAMAAN)” और “सम्मान (SAMMAAN)” के प्रथम ध्वनि-खंड अलग हैं, इसलिए उन्हें ध्वन्यात्मक रूप से समान नहीं कहा जा सकता। अतः यह प्रस्तुत किया गया है कि विद्वान एकल न्यायाधीश ने वर्तमान मामले में परस्पर विरोधी चिह्नों

को संरचनात्मक, ध्वन्यात्मक और वैचारिक रूप से एक-दूसरे से निकट मानने में स्पष्ट त्रुटि की है।

(x) विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता ने आगे यह भी इंगित किया कि अपनी सभी प्रचार सामग्री में अपीलार्थीगण ने प्रमुख रूप से स्पष्टीकरणात्मक लोगो "पहले इंडियाबुल्स होम लोन्स के रूप में जानी जाने वाली (formerly known as Indiabulls Home Loans)" शामिल किया है। अपीलार्थीगण द्वारा अंतर.आ. 41270/2024 (IA 41270/2024) के उत्तर में एससीएल के विज्ञापन का एक स्क्रीनशॉट भी संलग्न किया गया है, इस प्रकार:



एक बार जब यह केविएट उनकी सभी प्रचार सामग्रियों में पाया जाता है, तो यह कहा गया है कि भ्रम की संभावना काफी हद तक समाप्त हो जाती है। यह निवेदन किया जाता है कि विद्वान एकल न्यायाधीश ने

आक्षेपित निर्णय के पैरा 46 में इस पहलू पर जो दृष्टिकोण अपनाया है, उसमें पूरी तरह से गलती की है। विद्वान एकल न्यायाधीश ने इस संदर्भ में यह माना है कि– (क) "इंडियाबुल्स (Indiabulls)" का संदर्भ संक्रमणकाल के दौरान था और इसलिए "पहले इंडियाबुल्स होम लोन्स के रूप में जानी जाने वाली (formerly known as Indiabulls Home Loans)" वाक्यांश का उपयोग अस्थायी था, तथा (b) "पहले इंडियाबुल्स होम लोन्स के रूप में जानी जाने वाली (formerly known as INDIABULLS)" शब्दों का समावेश केवल कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 12(3) के अनुपालन हेतु किया गया था। विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता का कहना है कि जहाँ पहला निष्कर्ष तथ्यात्मक रूप से गलत है, वहीं दूसरा निष्कर्ष अप्रासंगिक है। यह कहा गया है कि विद्वान एकल न्यायाधीश द्वारा यह मान लेने का कोई आधार नहीं है कि "पहले इंडियाबुल्स के रूप में जानी जाने वाली (formerly known as INDIABULLS)" वाक्यांश का उपयोग अस्थायी या संक्रमणकालीन था। विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता ने निर्देशानुसार कहा है कि वे अपनी सभी भौतिक तथा डिजिटल प्रचार सामग्रियों और विज्ञापनों में "पहले इंडियाबुल्स के रूप में जानी जाने वाली (formerly known as INDIABULLS)" वाक्यांश को शामिल करने के लिए तैयार हैं और यदि न्यायालय ऐसा निर्देश दे, तो वे इस स्पष्टीकरणात्मक वाक्यांश को और अधिक प्रमुख रूप से प्रदर्शित करने के लिए भी तैयार हैं। इस पहलू पर

विद्वान एकल न्यायाधीश की दूसरी टिप्पणी के संबंध में यह प्रस्तुत किया गया है कि "पहले इंडियाबुल्स के रूप में जानी जाने वाली (formerly known as INDIABULLS)" लोगो को कंपनी अधिनियम की धारा 12(3) के अनुपालन हेतु अपनाया गया था या किसी अन्य कारण से–यह मुद्दा अप्रासंगिक है। प्रासंगिक केवल यह है कि उक्त स्पष्टीकरण के माध्यम से अपीलार्थीगण ने उपभोक्ताओं के मन में उत्पन्न होने वाली किसी भी प्रकार की भ्रम की संभावना को पूरी तरह समाप्त कर दिया था।

(xi) इस दलील के संबंध में कि अपीलार्थीगण अथवा, इस संदर्भ में, प्रत्यर्थी के पास आने वाले उपभोक्ता साक्षर उपभोक्ता होते हैं, जो एक को दूसरे की जगह समझने में कभी गलती नहीं करेंगे, विद्वान एकल न्यायाधीश ने पैरा 59 और 60 में निम्नलिखित कहा है:

> "59. प्रतिवादीगण ने यह दलील दी है कि वित्तीय सेवा क्षेत्र में उपभोक्ता औसत उपभोक्ता नहीं होता, जिसकी स्मृति अपूर्ण हो, बल्कि वह एक परिष्कृत और साक्षर व्यक्ति होता है, जो परस्पर विरोधी चिह्नों के बीच भ्रमित नहीं होगा।
>
> 60. मैं प्रतिवादीगण की ओर से की गई उक्त दलील से सहमत नहीं हो सकता। ऋण लेने वाले व्यक्ति किसी भी पृष्ठभूमि (background) से हो सकते हैं–ग्रामीण या शहरी, साक्षर या निरक्षर, हिंदी-भाषी या गैर-हिंदी भाषी। वादी और प्रतिवादीगण दोनों ही अखिल भारतीय स्तर पर कार्य करते हैं। वादी ने भारत भर में, ग्रामीण क्षेत्रों सहित, अपने

> संचालन को प्रमाणित करने के लिए बंगाली, ओडिया और मराठी जैसी क्षेत्रीय भाषाओं में समाचार पत्रों में प्रकाशित/विज्ञापन भी प्रस्तुत किए हैं (*वादपत्र के साथ प्रस्तुत दस्तावेजों के पृष्ठ 804-805, 889, 892-894, 896-898)।* इस बात की प्रबल संभावना है कि निरक्षर, अर्ध-साक्षर या गैर-हिंदी भाषी उपभोक्ता 'स्वमान (SVAMAAN)' और 'सम्मान (SAMMAAN)' चिह्नों को बहुत समान या लगभग समान मानें और इस कारण दोनों के बीच भ्रमित हो जाएँ। अतः मैं यह स्वीकार नहीं कर सकता कि वित्तीय सेवा क्षेत्र के उपभोक्ता परिष्कृत होते हैं या परस्पर विरोधी चिह्नों में अंतर करने में सक्षम होते हैं।

यह कहा गया है कि ये निष्कर्ष केवल विद्वान एकल न्यायाधीश ने स्वयं दिया है और किसी भी सामग्री द्वारा समर्थित नहीं हैं। अर्ध-साक्षर उपभोक्ता, जो छोटे ऋण की तलाश में होते हैं, कभी भी अपीलार्थीगण के पास नहीं जाएँगे। विद्वान एकल न्यायाधीश ने यह जाँचते समय कि अपीलार्थीगण और प्रत्यर्थी का उपभोक्ता आधार समान है या नहीं, जमीनी हकीकत पर ध्यान नहीं दिया। महत्वपूर्ण रूप से, प्रत्यर्थी ने अपने वाद में वास्तविक भ्रम का एक भी उदाहरण प्रस्तुत नहीं किया।

(xii) विद्वान एकल न्यायाधीश द्वारा अपनाया गया दृष्टिकोण व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 की धारा 29(5) को निरर्थक बना देगा। इस संदर्भ में बॉम्बे उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ द्वारा ***सिप्ला लिमिटेड बनाम सिप्ला इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड***[14] मामले में दिए गए निर्णय पर

[14] **AIR 2017 Bom 75**

निर्भरता व्यक्त की गई है, जिसमें यह कहा गया है कि धारा 29(5), धारा 29(1) से 29(4) के लिए एक अपवाद है। अतः यदि प्रतिवादी द्वारा अपने व्यापारिक नाम या व्यवसाय के हिस्से के रूप में प्रयुक्त चिह्न को धारा 29(5) के अर्थ में उल्लंघनकारी नहीं पाया जाता, तो उसे धारा 29(1) से 29(4) के अंतर्गत भी उल्लंघनकारी नहीं माना जा सकता। विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता ने विशेष रूप से ***सिप्ला*** के पैरा 1 और 31 पर निर्भरता व्यक्त की है, जो इस प्रकार हैं:

> "1. विद्वान एकल न्यायाधीश ने 26 अप्रैल, 2016 के अपने आदेश द्वारा यह मत व्यक्त किया कि इस न्यायालय की एक खंड पीठ द्वारा ***रेमंड लिमिटेड बनाम रेमंड फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड***[15] के मामले में दिए गए निर्णय पर पुनर्विचार आवश्यक है। इस आदेश के पैरा 21 में निम्नलिखित कहा गया है:–
>
> > "21. मैं, बेशक, रेमंड मामले में दिए गए निर्णय से बाध्य हूँ। हालाँकि, मैं विनम्रतापूर्वक निवेदन करता हूँ, और ऊपर बताए गए कारणों से, रेमंड मामले में दिए गए निर्णय पर पुनर्विचार की आवश्यकता है; विशेष रूप से निम्नलिखित प्रश्नों पर:
> >
> > (1) जहाँ किसी पक्षकार द्वारा पंजीकृत व्यापार चिह्न का उपयोग 'नाम' के रूप में, अर्थात् कॉरपोरेट या ट्रेडिंग नाम या शैली के रूप में, उन वस्तुओं के संबंध में किया जाता है जो उन वस्तुओं से भिन्न हैं जिनके लिए व्यापार चिह्न

[15] **2010 SCC OnLine Bom 967**

पंजीकृत है, क्या पंजीकृत व्यापार चिह्न का स्वामी व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 की धारा 29(5) के अंतर्गत उल्लंघन के आधार पर व्यादेश पाने का हकदार है?

(2) क्या पंजीकृत व्यापार चिह्न का कॉरपोरेट नाम या ट्रेडिंग नाम या शैली के रूप में उपयोग, व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 की धारा 29(1), 29(2) और 29(4) के दायरे से बाहर है, और क्या वे धाराएँ किसी व्यापार-चिह्न के उपयोग को 'व्यापार-चिह्न के रूप में' तक ही सीमित रखते हैं, अर्थात् 'व्यापार-चिह्न के अर्थ में'?

(3) क्या धारा 29(4) और 29(5) अलग-अलग और परस्पर अनन्य क्षेत्रों में लागू होती हैं, यानी क्या...यदि प्रतिवादी पंजीकृत व्यापार-चिह्न का उपयोग केवल एक कॉर्पोरेट नाम या व्यापारिक नाम या शैली के रूप में भिन्न वस्तुओं के संबंध में करता है, तो क्या वादी के पास कोई उपाय नहीं है और क्या वह व्यादेश का हकदार नहीं है?

(4) क्या ***रेमंड लिमिटेड बनाम रेमंड फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड*** में खंड पीठ द्वारा लिया गया दृष्टिकोण सही है?

*****

31. अब उप-धारा (1) और (2) की बात करें, तो वे अपने साधारण अर्थ में केवल 'व्यापार चिह्न बनाम चिह्न' की स्थिति पर लागू होती हैं। दोनों उप-धाराओं में 'व्यापार के दौरान उपयोग' शब्दों का प्रयोग किया गया है। वे व्यापार चिह्न के कॉरपोरेट/व्यापार/व्यवसायिक नाम के हिस्से के

> रूप में उपयोग का उल्लेख नहीं करतीं। जब प्रतिवादी पंजीकृत व्यापार चिह्न का उपयोग व्यापार/कॉरपोरेट/व्यवसायिक नाम के हिस्से के रूप में करता है, तब ये दोनों उप-धाराएँ लागू नहीं होतीं।"

(xiii) अपीलार्थीगण ने आरबीआई, नेशनल हाउसिंग बैंक, जीएसटी प्राधिकरणों से नियामक अनुमोदन प्राप्त कर रखे हैं और वे नेशनल स्टॉक एक्सचेंज तथा बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में भी सूचीबद्ध हैं। इसलिए, उन्हें "सम्मान" (SAMMAAN) का उपयोग बंद करने का तत्काल निर्देश देना, उन्हें आर्थिक और अन्य प्रकार से गंभीर खतरे में डाल देगा।

(xiv) विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता द्वारा इस न्यायालय के उस निर्णय पर भरोसा रखा गया है, जो हम में से एक (न्या. सी. हरि शंकर) द्वारा ***प्रिंसटन विश्वविद्यालय न्यासी बनाम वागदेवी एजुकेशनल सोसाइटी***[16] मामले में दिया गया था। विशेष रूप से उक्त निर्णय के पैरा 29.2 और 29.3 की ओर ध्यान दिलाया गया है, जो इस प्रकार हैं:

> "29.2. यद्यपि वादी का प्रिंसटन चिह्न और प्रतिवादीगण का प्रिंसटन चिह्न दोनों ही शैक्षणिक सेवाओं के संदर्भ में प्रयुक्त होते हैं, तथापि यह मानना सरलीकृत और अवास्तविक होगा कि कोई भी उपभोक्ता प्रतिवादीगण द्वारा प्रदान की गई सेवाओं को वादी द्वारा प्रदान की गई सेवाओं से भ्रमित कर देगा। *'उपभोक्ता', चाहे वह उल्लंघन या*

[16] **2023 SCC OnLine Del 5524**

नकल बनाने के प्रयोजनों के लिए हो, औसत बुद्धि और अपूर्ण स्मृति वाला उपभोक्ता होता है, परंतु उसे उन विशिष्ट वस्तुओं या सेवाओं का उपभोक्ता होना चाहिए जिनके संबंध में चिह्न का उपयोग किया गया है। इस सीमा तक, उपभोक्ता 'man on the Clapham omnibus' से भिन्न होता है। इसलिए, भ्रम या धोखे की संभावना, चाहे वह उल्लंघन के लिए हो या नकल बनाकर पेश किए जाने के लिए, की जांच एक छात्र के दृष्टिकोण से की जानी चाहिए, न कि आम आदमी के दृष्टिकोण से। कोई भी छात्र या व्यक्ति, जो वादी या प्रतिवादीगण द्वारा प्रदान की गई सेवाओं में रुचि रखता है, केवल इस कारण से कि प्रतिवादीगण ने अपने संस्थानों के नाम के हिस्से के रूप में प्रिंसटन (PRINCETON) शब्द का उपयोग किया है, दोनों के बीच भ्रमित नहीं होगा। वादी आज विश्व का अग्रणी उच्च शिक्षण संस्थान है और यू.एस. के बाहर कोई सेवाएँ प्रदान नहीं करता। प्रतिवादीगण के संस्थान पूरी तरह से तेलंगाना राज्य के भीतर स्थित हैं और उक्त राज्य के बाहर उनकी कोई शाखा भी नहीं है। वादी संस्थान के पोर्टल पर आने वाले किसी भी इच्छुक अभ्यर्थी के गलती से प्रतिवादीगण के संस्थान में शामिल होने की संभावना नहीं है; इसी प्रकार, कोई भी छात्र, जो प्रतिवादीगण के संस्थानों में से किसी एक में शामिल होना चाहता है, उनके आपस में संबंधित होने की भूल में गलती से वादी संस्थान से संपर्क करने की संभावना नहीं है। वादी संस्थान में प्रवेश पाना एक बेहद कठिन प्रक्रिया है, जो असाधारण छात्रों को छोड़कर लगभग सभी के लिए असंभव है, जबकि प्रतिवादीगण संस्थानों में प्रवेश पाना कहीं अधिक सुलभ और आसान है। *इन कारकों के साथ-साथ वादी और प्रतिवादीगण के लोगो में स्पष्ट असमानता के कारण, प्रतिवादीगण द्वारा अपनी*

सेवाओं को वादी की सेवाओं के रूप में या वादी से संबद्ध होने के रूप में प्रस्तुत करने की संभावना असंभव हो जाती है।

29.3. दरअसल, वादी और प्रतिवादीगण के बीच का अंतर इतना अधिक है कि प्रथम दृष्टया यह नहीं कहा जा सकता कि आक्षेपित चिह्न का उपयोग करके प्रतिवादीगण अपनी सेवाओं को वादी की सेवाओं के रूप में प्रस्तुत करने का इरादा रखते थे।

(जोर दिया गया)

(xv) इसके साथ तुलना करते हुए, अपीलार्थीगण के विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता ने विद्वान एकल न्यायाधीश के आक्षेपित निर्णय के पैराग्राफ 52 और 62 की ओर ध्यान आकर्षित किया, जिनमें निम्नलिखित कहा गया है:

"52. प्रतिवादीगण ने यह दलील दी है कि वादी छोटे टिकट ऋण प्रदान करता है, जैसे व्यवसाय स्थापित करने, कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं, शिक्षा, विवाह और चिकित्सीय आपात स्थितियों के लिए। दूसरी ओर, प्रतिवादी सं.1 बड़े टिकट आकार के आवास ऋण प्रदान करता है, जो बंधक-आधारित होते हैं। भले ही ऐसा हो, यह स्वीकार किया गया तथ्य है कि वादी और प्रतिवादी सं.1 दोनों ही मूलतः ऋण प्रदान करने के व्यवसाय में हैं। प्रतिवादी सं.1, वास्तव में, किफायती आवास ऋणों के साथ-साथ सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बंधक-आधारित ऋण प्रदान करने के व्यवसाय में भी है (*प्रतिवादीगण सं.1, 3 और 4 द्वारा दायर दस्तावेज़ों के पृष्ठ 86-88*)। यह सही हो सकता है कि वर्तमान में वादी, प्रतिवादीगण की तुलना में कम राशि के

ऋण प्रदान कर रहा है। परंतु भविष्य में वादी को अपना व्यवसाय विस्तार करने और बड़े ऋण, जिनमें आवास ऋण भी शामिल हैं और जो प्रतिवादी संख्या 1 का मुख्य व्यवसाय है, प्रदान करने से कोई नहीं रोकता।

*****

62. प्रतिवादीगण ने संभावित उपभोक्ताओं के जानकार/परिष्कृत होने के अपने तर्क के समर्थन में, ***सीएफए इंस्टिट्यूट बनाम ब्रिकवर्क फाइनेंस अकैडमी***[17] और ***प्रिंसटन विश्वविद्यालय न्यासी*** के मामले में इस न्यायालय के निर्णयों पर भरोसा किया है। हालांकि, उपर्युक्त दोनों निर्णयों में, प्रतिद्वंद्वी पक्षकार शैक्षणिक संस्थान चला रहे थे और उनके लक्षित उपभोक्ता कम से कम स्नातक योग्यता वाले या ऐसी योग्यता प्राप्त करने की प्रक्रिया में लगे छात्र थे, जो सड़क पर चलने वाले आम व्यक्तियों की श्रेणी में नहीं आते थे। जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, ऋण लेने वाले व्यक्ति शिक्षित भी हो सकते हैं और नहीं भी। अतः ये निर्णय प्रतिवादीगण के मामले को आगे नहीं बढ़ाते।"

विद्वान एकल न्यायाधीश का यह अवलोकन कि अपीलार्थीगण द्वारा एक ओर और प्रत्यर्थी द्वारा दूसरी ओर दिए गए ऋणों की प्रकृति, आकार और मात्रा में अंतर महत्वहीन है, क्योंकि यह स्वीकार किया गया तथ्य था कि दोनों ही ऋण प्रदान कर रहे थे–***प्रिंसटन विश्वविद्यालय के न्यासियों*** मामले में प्रतिपादित सिद्धांत के विपरीत है। विद्वान एकल न्यायाधीश ने यह अवलोकन किया है कि, भले ही स्वमान फाइनेंशियल सर्विसेज प्रा. लि. उस समय सम्मान कैपिटल लि. और सम्मान फिनसर्व

[17] **2020 SCC OnLine Del 2744**

लि. द्वारा दिए गए ऋणों की तुलना में छोटे ऋण प्रदान कर रही थी, फिर भी भविष्य में स्वमान फाइनेंशियल सर्विसेज प्रा. लि. को अपना व्यवसाय विस्तार करने और बड़े ऋण तथा आवास ऋण प्रदान करने से कोई नहीं रोक सकता। विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता का कहना है कि यह पूरी तरह से काल्पनिक और अनुमानित निष्कर्ष है, जो व्यादेश के आदेश का आधार नहीं बन सकता है।

